रजिस्टर्ड नं0 HP/13/SML-2007.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, वीरवार, 19 जुलाई, 2007/28 आषाढ़, 1929

हिमाचल प्रदेश सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

अधिसूचना

शिमला–171 002, 27 जून, 2007

संख्या एच0 एफ0ड ब्ल्यू0 बी(ए)2–18/2004.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल दन्त चिकित्सक अधिनियम,1948 (1948 का 16) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

अध्याय–1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम.**—इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सक, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी और दन्त यांत्रिक रजिस्ट्रीकरण नियम, 2006 है।

1498–राजपत्र/2007–19–7–2007—1386. (3065) मूल्य : 1 रुपया।

2. परिभाषाएं.—(1) इन नियमों में जब तक कि कोई बात विषय या सन्दर्भ में, विरूद्ध न हो,—

(क) "अधिनियम" से दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 (1948 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 16) अभिप्रेत है;

(ख) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 21 के अधीन गठित "हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्" अभिप्रेत है;

(ग) "निदेशक" से निदेशक, दन्त स्वास्थ्य सेवाएं हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है;

(घ) "कार्यकारिणी समिति" से अधिनियम की धारा 29 के अधीन गठित हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् की कार्यकारिणी समिति अभिप्रेत है;

(ङ) "प्ररूप" इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत हैं;

(च) "सरकार" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(छ) "सदस्य" से परिषद् का सदस्य अभिप्रेत है;

(ज) "अध्यक्ष" से अधिनियम की धारा 25 के अधीन निर्वाचित हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(झ) "रजिस्ट्रार" से अधिनियम की धारा 28 (क) के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रार अभिप्रेत है;

(ञ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है; और

(ट) "उपाध्यक्ष" से अधिनियम की धारा 25 के अधीन निर्वाचित परिषद् का उपाध्यक्ष अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं किन्तु इन नियमों में परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो उनके अधिनियम में हैं।

अध्याय–2

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा रजिस्टरों का संकलन और प्रकाशन

3. दन्त चिकित्सा रजिस्टर तैयार करना.—रजिस्ट्रार दन्त चिकित्सकों का रजिस्टर प्ररूप–1 में रखेगा ।

4. दन्त चिकित्सकों का रजिस्टर.—(1) रजिस्ट्रार, धारा 31 के अधीन 'क' और 'ख' दो भागों में दन्त चिकित्सकों का रजिस्टर रखेगा । मान्यता प्राप्त दन्त चिकित्सा अर्हता रखने वाले व्यक्तियों और

इस प्रकार की अर्हता न रखने वाले व्यक्तियों को, यथास्थिति, भाग–क और भाग–ख में वर्णक्रम में रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा तथा भविष्य में परिवर्धन और परिवर्तन के लिए पर्याप्त स्थान रखा जाएगा ।

(2) रजिस्टर का प्रत्येक पृष्ठ, रजिस्ट्रार द्वारा अपने हस्ताक्षर करके सत्यापित किया जाएगा ।

5. **दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों और दन्त यांत्रिकों के रजिस्टर.**—(1) रजिस्ट्रार, अधिनियम की धारा 36 के अधीन प्ररूप–2 में दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों और दन्त यांत्रिकों का रजिस्टर रखेगा । धारा 37 और 38 के अधीन क्रमशः दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों या दन्त यांत्रिकों के रजिस्टर में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए हकदार व्यक्तियों के नाम वर्णक्रम में प्रविष्ट किए जाएंगे तथा भविष्य में परिवर्धन और परिवर्तन हेतु पर्याप्त स्थान रखा जाएगा ।

(2) रजिस्टर का प्रत्येक पृष्ठ रजिस्ट्रार द्वारा अपने हस्ताक्षर करके सत्यापित किया जाएगा ।

6. **रजिस्टर का मुद्रण.**—रजिस्ट्रार, प्रत्येक वर्ष प्रथम अप्रैल के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र रजिस्टरों को उसी स्थिति में मुद्रित करवाएगा जो उनकी उक्त तारीख को थी और उनकी प्रतियां इन नियमों के अधीन आवेदन करने वाले व्यक्तियों को फीस के संदाय पर उपलब्ध करवायी जाएंगी तथा यह इसका साक्ष्य होगा कि जिन व्यक्तियों के नाम, उक्त तारीख को, उसमें प्रविष्ट हैं वे, यथास्थिति, दन्त चिकित्सक या दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी या दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत थे ।

अध्याय–3

फीस

7. **रजिस्ट्रीकरण या नवीकरण के लिए फीस.**—(1) दन्त चिकित्सक के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु धारा 32 की उप–धारा (2) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ रजिस्ट्रार के पक्ष में संदेय नकद या मांगदेय ड्राफ्ट के माध्यम से 500/– रुपए की फीस संलग्न की जाएगी ।

(2) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत दन्त–चिकित्सक, धारा 39 के अधीन उस वर्ष जिससे यह सम्बन्धित है, के प्रथम अप्रैल से पूर्व 100/– रुपए की नवीकरण फीस का संदाय करेगा ।

(3) रजिस्ट्रार, धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन 500/– रूपए की फीस के संदाय पर और नवीकरण फीस के अद्यतन संदाय पर उस व्यक्ति का नाम प्रत्यावर्तित करेगा जिसका नाम नवीकरण फीस की देय तारीख तक असंदाय के कारण काटा गया था ।

(4) (i) दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी/दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रत्येक आवेदन के साथ 250/– रुपए की फीस संलग्न की जाएगी।

(ii) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी/दन्त यांत्रिक धारा 39 के अधीन उस वर्ष जिससे यह सम्बन्धित है के प्रथम अप्रैल से पूर्व 50/– रुपए की नवीकरण फीस का संदाय करेगा।

(iii) रजिस्ट्रार, धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन 250/– रुपए की राशि के संदाय पर और नवीकरण फीस के अद्यतन संदाय पर उस व्यक्ति का नाम प्रत्यावर्तित करेगा जिसका नाम नवीकरण फीस की देय तारीख तक असंदाय के कारण काटा गया था।

(5) यदि रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र खो गया हो या नष्ट हो गया हो, तो रजिस्ट्रार धारा 44 के प्रारूप में आवेदन की प्राप्ति पर 250/– रुपए की फीस के संदाय पर, यथास्थिति, रजिस्ट्रीकृत दन्त

चिकित्सक या दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी या दन्त यांत्रिक द्वारा शपथ–पत्र पेश किए जाने के अध्यधीन प्ररूप 10, 11 और 12 में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की दूसरी प्रति जारी करेगा ।

(6) रजिस्ट्रार, धारा 40 के अधीन किसी आगामी मान्यता प्राप्त (दन्त) अर्हता, जिसे रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सक अभिप्राप्त करे, की 250/– रुपए की फीस के संदाय पर दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर में अतिरिक्त प्रविष्टि करेगा।

(7) रजिस्ट्रार, धारा 46–क के अधीन रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सक के रजिस्ट्रीकरण को हिमाचल प्रदेश राज्य से अन्य राज्य को अन्तरण के लिए 500/– रुपए की फीस के संदाय पर प्ररूप–14 में अनापत्ति प्रमाण–पत्र केवल तभी जारी करेगा जब इस प्रकार का आवेदन प्ररूप–8 में सद्भावपूर्वक किया गया हो ।

(8) रजिस्ट्रार, धारा 45 के अधीन 100/– रुपए की फीस के संदाय पर रजिस्टरों की मुद्रित प्रतियां उपलब्ध करवाएगा ।

(9) रजिस्ट्रार, सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन उस व्यक्ति का नाम, जिसे धारा 41 के अधीन काटा गया है, 500/– रुपए की फीस के संदाय पर रजिस्टर में प्रत्यावर्तित करेगा ।

(10) रजिस्ट्रार, अधिनियम के अधीन संदेय समस्त फीस नकद में या अपने पक्ष में संदेय मांगदेय ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त करेगा तथा उनको अनुसूचित बैंक में परिषद् के लेखे में जमा करेगा ।

अध्याय–4

रजिस्टर में नाम का रजिस्ट्रीकरण, हटाया जाना और प्रत्यावर्तन

8. **रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रक्रिया.**—(1) रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रत्येक आवेदन प्ररूप–3 में होगा और इसके साथ इन नियमों के अधीन यथा विनिर्दिष्ट अपेक्षित फीस संलग्न की जाएगी ।

(2) आवेदन इस बात के दस्तावेजीय साक्ष्य द्वारा समर्पित किया जाएगा कि आवेदक अधिनियम की धारा 33, 34, 37 और 38 के अधीन यथा अपेक्षित मान्यता प्राप्त दन्त अर्हताएं रखता है ।

(3) (i) परिषद्, कारणों के पर्याप्त प्रतीत होने पर और सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन आदेश दे सकेगी कि धारा 41 के अधीन जिस व्यक्ति का नाम रजिस्टर से हटाया गया उसे 500/– रुपए की फीस के नकद या रजिस्ट्रार के पक्ष में मांगदेय ड्राफ्ट के माध्यम से संदाय पर उसको प्रत्यावर्तित किया जाएगा ।

(ii) रजिस्ट्रार, उस व्यक्ति के नाम को, जिसे धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन नवीकरण फीस की देय तारीख तक असंदाय के कारण काटा गया है, इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट अपेक्षित फीस के संदाय पर रजिस्टर में प्रत्यावर्तित करेगा ।

अध्याय–5

परिषद् के सदस्यों की नियुक्ति

9. रजिस्टर रखना.—(1) रजिस्ट्रार, परिषद् के सदस्यों की नियुक्ति बारे विशिष्टियां प्ररूप–4 में रखेगा ।

(2) परिषद् में नियुक्त किसी सदस्य की पदावधि के अवसान से नब्बे दिन पूर्व रजिस्ट्रार, रिक्ति के बारे में यदि भरी जाने वाली रिक्ति निर्वाचित सदस्य की बाबत हो तो अध्यक्ष को तथा यदि भरी जाने वाली रिक्ति नामनिर्दिष्ट सदस्य की बाबत हो, तो अध्यक्ष के माध्यम से सरकार को लिखित में रिपोर्ट देगा ।

(3) यदि परिषद् के सदस्य के स्थान में ऐसे उसकी पदावधि के अवसान से पूर्व ऐसे सदस्य के त्यागपत्र, मृत्यु, हटाए जाने या निःशक्तता के कारण या अन्यथा आकस्मिक रिक्ति होती है, तो रजिस्ट्रार, ऐसी रिक्ति के सम्बन्ध में यदि रिक्ति निर्वाचित सदस्य की बावत है तो अध्यक्ष को तथा यदि रिक्ति नामनिर्दिष्ट सदस्य की बाबत है तो अध्यक्ष के माध्यम से सरकार को लिखित में रिपोर्ट देगा ।

(4) निर्वाचित सदस्य के सम्बन्ध में किसी भी रीति में घटित होने वाली रिक्ति, हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् (निर्वाचन) नियम, 1999 के अधीन उपबन्धित रीति में निर्वाचन द्वारा भरी जाएगी ।

अध्याय–6

परिषद् की बैठकें

10. बैठकें.—(1) परिषद् की बैठक सामान्य या विशेष होगी तथा जैसा अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन अन्यथा उपबन्धित है के सिवाए परिषद् की बैठकें रजिस्ट्रार द्वारा बुलाई जाएंगी।

(2) परिषद्, अपने कारबार के संव्यवहार के लिए सामान्यतः वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी।

(3) प्रत्येक बैठक की सूचना, उसका समय और तारीख तथा उसमें संव्यवहृत किए जाने वाले कारबार को विनिर्दिष्ट करते हुए परिषद् के प्रत्येक सदस्य को सामान्य बैठक से कम से कम पूर्ण 10 दिन पूर्व और विशेष बैठक से पूर्ण 7 दिन पूर्व भेजी जाएगी और परिषद् के कार्यालय में प्रदर्शित की जाएगी :

परन्तु जहां ऐसा करना लोक हित में समीचीन समझा जाए, वहां इस उप–नियम में विनिर्दिष्ट समय–सीमाओं की आवश्यकता को सरकार के अनुमोदन से शिथिल किया जा सकेगा ।

(4) अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष जब–जब वह उचित समझे, परिषद् के कुल सदस्यों के एक–तिहाई से अन्यून द्वारा लिखित में अध्यपेक्षा करने पर या यदि राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित हो, यथास्थिति, सदस्यों की लिखित अध्यपेक्षा या सरकार की अपेक्षा/निदेशों की प्राप्ति के दो सप्ताह के भीतर विशेष बैठक बुला सकेगा।

(5) बैठक में उपस्थित होने वाला प्रत्येक सदस्य, ऐसी उपस्थिति की तारीख को, रजिस्ट्रार द्वारा रखी गई नामावली पुस्तक में अपने नाम की प्रविष्टि करेगा तथा अपने हस्ताक्षर करेगा।

(6) परिषद् की कोई भी बैठक, उपस्थित सदस्यों के बहुमत से किसी अन्य तारीख को स्थगित की जा सकेगी, परन्तु आगामी ऐसी बैठक में स्थगित बैठक द्वारा छोड़े गए कारबार के सिवाए कोई अन्य कारबार संव्यवहृत नहीं किया जाएगा ।

(7) परिषद् की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता यदि उपस्थित अध्यक्ष हो, या उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष और दोनों की अनुपस्थिति में, इसके सदस्यों में से कोई एक, जिसे सदस्य निर्वाचित कर सकेंगे, करेगा।

(8) इन नियमों द्वारा अन्यथा उपबन्धित के सिवाए, परिषद् की किसी भी बैठक के समक्ष आने वाले समस्त विवाद / मामले उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा विनिश्चित किए जाएंगे, तथा मत बराबर होने की दशा में, बैठक की अध्यक्षता करने वाले प्राधिकारी के पास निर्णायक मत होगा ।

(9) परिषद् द्वारा अन्तिम रूप से निपटाए गए किसी मामले पर तब तक पुनर्विचार नहीं किया जाएगा जब तक इसके कुल सदस्यों के दो–तिहाई से अन्यून की अभिलिखित सहमति इसके लिए अभिप्राप्त नहीं की गई हो या जब तक सरकार द्वारा इसके पुनर्विचार का निदेश न दिया गया हो ।

(10) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन, परिषद् की बैठक में कारबार के संव्यवहार हेतु निम्नलिखित से गणापूर्ति होगी :—

(क) यदि यह साधारण बैठक है तो, आधे सदस्यों से और मत का अधिकार रखने वाले इसके और

(ख) यदि यह विशेष बैठक है तो इसके दो तिहाई सदस्यों से मत का अधिकार रखने वाले इसके

(11) (क) कोई भी सदस्य परिषद् के कृत्य करने से सम्बद्ध मामले से सम्बन्धित संकल्प प्रस्तावित कर सकेगा ।

(ख) संकल्प की ग्राह्यता का विनिश्चय अध्यक्ष करेगा और किसी संकल्प को, जो उसकी राय में, अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में हो, अनुज्ञात करेगा । ग्राह्यता के प्रश्न पर अध्यक्ष का विनिश्चय अन्तिम होगा ।

(ग) संकल्प में न तो तर्क, निष्कर्ष; मानहानिकारक कथनों की अभिव्यक्ति अन्तर्विष्ट होगी न ही यह किसी व्यक्ति के, उसकी लोक हैसियत में, चरित्र या आचरण को निर्दिष्ट करेगा।

(घ) न्यायालय में न्यायाधीन किसी मामले की बाबत कोई संकल्प प्रस्तावित नहीं किया जा सकेगा।

(ङ) संकल्प प्रस्तावित करने की इच्छा रखने वाला कोई सदस्य संकल्प की प्रति सहित अपने पूर्ण आशय का लिखित में कम से कम पूर्ण छह दिन का नोटिस देगा :

परन्तु अध्यक्ष उसके द्वारा कथित कारणों के लिए, छह दिन से कम के नोटिस के साथ संकल्प को कारबार की सूची में दर्ज करवाने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा।

(च) यदि संकल्प प्रस्तावित करने वाला सदस्य अनुपस्थित हो, तो उसके द्वारा प्रस्तावित संकल्प रद्द हो जाएगा।

(छ) प्रस्तावित प्रत्येक संकल्प एक सदस्य द्वारा समर्पित किया जाना अपेक्षित होगा।

(ज) संकल्प पर चर्चा, सर्वथा संकल्प की विषय–वस्तु तक ही सीमित होगी ।

(12) जब संकल्प विचार–विमर्श के अधीन हो, तो संकल्प के संशोधन, मुल्तवी करने और स्थगन; परिषद् के स्थगन तथा संकल्प पर मतदान से सम्बन्धित के सिवाए कोई आगामी प्रस्ताव ग्रहण नहीं किया जाएगा।

(13) जब संकल्प का संशोधन विचार–विमर्श के अधीन हो, तो संकल्प के संशोधन पर विचार–विमर्श के स्थगन, परिषद् के स्थगन तथा संकल्प के संशोधन पर मतदान की बाबत के सिवाए कोई अतिरिक्त प्रस्ताव ग्रहण नहीं किया जाएगा ।

(14) यदि संकल्प के संशोधन पर विचार–विमर्श के स्थगन हेतु प्रस्ताव कार्यान्वित किया जाता है, तो परिषद् कारबार के कार्यक्रम की आगामी मद पारित करेगी और विचार–विमर्श का पुनरारम्भ आगामी साधारण बैठक में किया जाएगा । विचार–विमर्श के पुनरारम्भ पर, स्थगन का प्रस्थापक पहले बोलने का हकदार होगा ।

(15) यदि परिषद् के स्थगन हेतु प्रस्ताव कार्यान्वित किया जाता है, तो विचार–विमर्श के अधीन संकल्प को कारबार की सूची से हटा दिया जाएगा ।

(16) परिषद् के स्थगन हेतु प्रस्ताव किए जाने और समर्थित किए जाने पर, प्रस्ताव पर मतदान करने से पूर्व, सदस्यों की यह राय लेना कि क्या यह उठने से पूर्व कारबार के निर्विरोध संव्यवहार को अग्रसर होगी, यथास्थिति, अध्यक्ष या सभापति की क्षमता के भीतर होगा ।

(17) जब तक अध्यक्ष अन्यथा व्यवस्था न दे बन्द के लिए प्रस्ताव तत्काल मतदान किए जाने हेतु बिना विचार–विमर्श के प्रस्तावित और समर्थित किया जाएगा । प्रस्ताव के कार्यान्वित किए जाने की दशा में परिषद् द्वारा तत्काल विचार–विमर्श के अधीन संकल्प या सशोधन पर मतदान किया जाएगा ।

(18) पूर्व प्रश्न के लिए प्रस्ताव बिना विचार–विमर्श के प्रस्तावित और समर्थित किया जाएगा और इस पर तत्काल मतदान किया जाएगा । प्रस्ताव के कार्यान्वित किए जाने की दशा में, उसको जिस पर संकल्प या संशोधन लागू होता है कारबार की सूची से हटा दिया जाएगा ।

(19) अध्यक्ष, बैठक में गम्भीर अव्यवस्था उत्पन्न होने की दशा में किसी बैठक को निलम्बित कर सकेगा तथा बैठक को दोबारा उसके द्वारा नियत किसी समय आयोजित कर सकेगा ।

(20) अध्यक्ष किसी सदस्य को, जो उसकी राय में व्यवस्था–भंग का दोषी है, परिषद् की बैठक से तुरन्त हट जाने हेतु निदेश दे सकेगा तथा इस प्रकार आदेशित कोई सदस्य तत्काल हट जाएगा ।

(21) रजिस्ट्रार, परिषद् की बैठक की कार्यवाहियों को अध्यक्ष के हस्ताक्षर द्वारा पुष्टि के पश्चात्, सम्यक रूप से अधिप्रमाणित, मुद्रित कार्यवृतों के रूप में अभिलिखित करेगा ।

(22) रजिस्ट्रार, प्रत्येक सदस्य और अध्यक्ष के माध्यम से सरकार को बैठक के कार्यवृत की एक प्रति बैठक के सात दिन के भीतर भेजेगा ।

(23) कार्यवृत पढ़ लिए गए समझे जाएंगे :

परन्तु कोई सदस्य यह प्रस्तावित कर सकेगा कि एक निश्चित कार्यवृत को उसमें ऐसी शुद्धि या परिवर्धन की दृष्टि से, जिसे आवश्यक पाया / समझा जाए, पढ़ लिया जाए ।

(24) रजिस्ट्रार, परिषद् की बैठक के कार्यवृत अन्तिम पुनरीक्षण, यदि कोई हो, के पश्चात् वार्षिक जिल्द में अन्तःस्थापन हेतु रखेगा ।

11. **कार्यकारिणी समिति.**—(1) परिषद् अधिनियम की धारा 29 के अधीन निम्नलिखित से गठित, अपने सदस्यों में से समिति का गठन करेगी—

(क) अध्यक्ष (पदेन)
(ख) उपाध्यक्ष (पदेन)
(ग) निदेशक, दन्त स्वास्थ्य सेवाएं, हिमाचल प्रदेश
(घ) निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हिमाचल प्रदेश (पदेन)
(ङ) प्रधानाचार्य, हिमाचल प्रदेश राजकीय दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, शिमला
(च) परिषद् द्वारा चयनित किए जाने वाले दो सदस्य

(2) गणापूर्ति, कार्यकारिणी समिति के दो–तिहाई सदस्यों से होगी। कार्यकारिणी समिति की बैठक की सूचना, बैठक की तारीख से सात दिन पूर्व सदस्यों को भेजी जाएगी ।

(3) कार्यकारिणी समिति की बैठक, परिषद् की बैठक से एक पखवाड़े से अन्यून से पूर्व आयोजित की जाएगी और इसकी सिफारिशें सदस्यों को परिषद् की बैठक से पूर्व परिचालित की जाएंगी ।

(4) कार्यकारिणी समिति, निम्नलिखित शक्तियों और कर्त्तव्यों का प्रयोग और निर्वहन करेगी, अर्थात् :—

(क) हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सक रजिस्टर के प्रकाशन का पर्यवेक्षण

(ख) सदस्यों द्वारा अधिसूचित संकल्पों और संशोधनों की सूचनाओं से भिन्न कारबार का प्रारूपण तथा उस पर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करना ।

(ग) विश्वविद्यालयों और अन्य परीक्षण निकायों से ऐसी सूचना अभिप्राप्त करना जो अधिनियम को लागू करने को सुकर बनाने के लिए आवश्यक हों ।

(घ) वृत्तिक परीक्षाओं के परिणामों की विशिष्टियों की मांग करना और उन पर आवश्यक टिप्पणियों सहित उन्हें प्रतिवर्ष परिषद् को प्रस्तुत करना ।

(ङ) अधिनियम की धारा 15 के अधीन परीक्षाओं के निरीक्षणों की रिपोर्टों पर विचार करना और सरकार को अग्रेषित करना ।

(च) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र अभ्यर्पित करने में चूक के लिए शिकायतें (परिवाद) प्रस्तुत करना।

(छ) धारा 41 के अधीन परिषद् को दन्त चिकित्सकों/दन्त यांत्रिकों/दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों के रजिस्टर के भाग–क/भाग–ख से नामों को हटाने के लिए सिफारिश करना ।

(ज) परिषद् द्वारा इसे निर्दिष्ट किसी अन्य कारबार पर विचार करना।

अध्याय–7

परिषद् का कर्मचारीवृंद

12. रजिस्ट्रार.—(1) परिषद् सरकार की पूर्व मन्जूरी से, रजिस्ट्रार नियुक्त करेगी जो परिषद् के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेगा । रजिस्ट्रार दस वर्ष की सेवा या रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी के रूप में दस वर्ष के अनुभव सहित अधिमानतः स्नातक दन्त चिकित्सक होना चाहिए । उसे, नियमों के अधीन उपबन्धित, नियत मानदेय पर, अंशकालिक आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा ।

(2) अध्यक्ष, परिषद् के रजिस्ट्रार के पद के लिए, तीन नामों की सूची सरकार के विचार हेतु अग्रेषित करेगा ।

(3) रजिस्ट्रार को परिषद् द्वारा प्रति मास पांच हजार रुपए मानदेय संदत्त किया जाएगा ।

(4) रजिस्ट्रार, उन समस्त कर्त्तव्यों का पालन करेगा जो उसे अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन सौंपे जाएं ।

(5) रजिस्ट्रार, परिषद् के सचिव के रूप में, परिषद् की बैठकें संचालित करेगा और परिषद् का पत्राचार उसके भार साधन में रहेगा ।

(6) रजिस्ट्रार, प्रतिवर्ष 15 जनवरी तक पूर्ववर्ती कलैंडर वर्ष की आय और व्यय का विवरण तैयार करेगा और ऐसे मामलों की ओर परिषद् का ध्यान आकृष्ट करेगा जो उसे ध्यान देने योग्य प्रतीत होते हों ।

(7) रजिस्ट्रार 250/– रुपए तक का व्यय उपगत करने के लिए तथा अध्यक्ष 200/– रुपए से अधिक का व्यय उपगत करने हेतु प्राधिकृत होगा ।

(8) रजिस्ट्रार, अध्यक्ष द्वारा मन्जूर किए गए या उसके द्वारा उपगत किए गए समस्त व्ययों को, परिषद् को इसकी आगामी बैठक में रिपोर्ट करेगा ।

(9) रजिस्ट्रार, वर्तमान अपेक्षाओं से अधिक किसी भी रकम को सावधि निक्षेप (फिक्स डिपोज़िट) में रखेगा । परिषद् के नाम से सावधि निक्षेप सुरक्षित अभिरक्षा हेतु किसी अनुसूचित राष्ट्रीय बैंक के लॉकर में रखे जाएंगे ।

(10) रजिस्ट्रार के कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों को 10.00 बजे से 14.00 बजे तक कार्य किया जाएगा तथापि, समस्त राजपत्रित अवकाशों, द्वितीय शनिवारों, रविवारों, उपायुक्त शिमला द्वारा घोषित स्थानीय अवकाशों और सरकार द्वारा सम्यक रूप से अधिसूचित किसी अन्य अवकाश के दिन कार्यालय बन्द रहेगा ।

(11) परिषद्, सरकार की पूर्व मन्जूरी से, विधिक सलाह अभिप्राप्त करने और दन्त चिकित्सकों, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों या दन्त यांत्रिकों के विरूद्ध शिकायतों (परिवादों) का निपटारा करने के लिए कार्यकारिणी समिति को सहायता देने हेतु तथा सरकार द्वारा समय–समय पर यथा अनुमोदित शर्तों और निबंधनों पर, राज्य में, न्यायालय में विधिक मामलों में परिषद् के स्थायी परामर्शी के रूप में कार्य करने के लिए विधि व्यवसायी भाड़े पर लेगी ।

(12) परिषद् सरकार की पूर्व मन्जूरी से, डाटा प्रविष्टि ऑपरेटर के रूप में पर्याप्त कार्य अनुभव वाला एक लिपिक, दो हजार पांच सौ रुपये प्रति मास के नियत मानदेय पर पांच वर्ष की अवधि के लिए अंशकालिक आधार पर नियुक्त करेगी ।

(13) परिषद् सरकार की पूर्व मन्जूरी से एक चपड़ासी एक हज़ार रुपये प्रति मास के नियत मानदेय पर, पांच वर्ष की अवधि के लिए अंशकालिक आधार पर नियुक्त करेगी । सरकारी सेवा से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत वर्ग–IV कर्मचारियों को अधिमान दिया जाएगा ।

(14) परिषद् सरकार की पूर्व मन्जूरी से एक सफाई कर्मचारी एक हज़ार रुपये प्रति मास के नियत मानदेय पर, पांच वर्ष की अवधि के लिए अंशकालिक आधार पर नियुक्त करेगी ।

(15) परिषद् को, नियमों के अधीन की गई नियुक्तियों को एक मास का नोटिस देते हुए, समाप्त करने का प्राधिकार होगा ।

अध्याय–8

यात्रा भत्ता और फीस

14. (1) सदस्यों को, वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों का पालन करते हुए और उसी में सीमित करते हुए उनकी हकदारियों के अनुसार यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता / मंहगाई भत्ता (टी0 ए0 / डी0 ए0) उसी प्रकार संदत्त किया जाएगा जैसा राज्य में ग्रेड–1 अधिकारियों को अनुज्ञेय है ।

(2) परिषद् के कर्मचारी, यात्रा भत्ते के, उसी दर से, हकदार होंगे, जिस दर से, हिमाचल प्रदेश राज्य सरकारी कर्मचारी यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता नियमों के अधीन, उसी हैसियत के सरकारी कर्मचारी हकदार हैं ।

अध्याय–9

जांच संचालन करने में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया

15. (1) रजिस्ट्रार अपने पास रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सक या दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी या दन्त यांत्रिक जिसे इसमें इसके पश्चात् आरोपित व्यक्ति कहा गया है, के बारे में प्राप्त शिकायत (परिवाद) का सार बनाएगा, जिससे प्रथमदृष्टया वृत्तिक सम्बन्धी कुत्सित आचरण गठित होता हो ।

(2) रजिस्ट्रार, केवल ऐसी शिकायतों (परिवादों) का संज्ञान लेगा, जो लिखत में किए गए हों और जिनमें शिकायतकर्ता (परिवादी) का डाक पता हो तथा सम्यक रूप से दो संदर्भों (रेफरैंसिज) द्वारा समर्थित हो। रजिस्ट्रार अनाम शिकायतों (परिवादों) पर ध्यान नहीं देगा ।

(3) रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता (परिवादी) द्वारा अपनी शिकायत (परिवाद) के समर्थन में प्रस्तुत किए गए साक्ष्य सहित शिकायत (परिवाद) को और उसके द्वारा तैयार किए गए सार को अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा, जो यदि उचित समझे तो रजिस्ट्रार को आरोपित व्यक्ति, जिसके विरूद्ध शिकायत (परिवाद) की गई है, से कोई स्पष्टीकरण, जिसे वह पेश करना चाहता हो, मांग सकेगा । उक्त आरोपित व्यक्ति द्वारा अग्रेषित किसी स्पष्टीकरण सहित दस्तावेज तब कार्यकारिणी समिति को निर्दिष्ट किए जाएंगे, जो उन पर विचार करेगी और जिसे अतिरिक्त अन्वेषण करवाए जाने और अतिरिक्त साक्ष्य लेने, तथा, यदि आवश्यक हो, तो मामले को विधि व्यवसायी को, उसकी सलाह और सहायता के लिए, जैसे वह उचित समझे, निर्दिष्ट करने की शक्ति होगी ।

(4) रजिस्ट्रार, कार्यकारिणी समिति की ओर से, आरोपित व्यक्ति को सम्बोधित, प्ररूप--5 में, रजिस्ट्रीकरण डाक द्वारा, नोटिस जारी करते हुए जांच संस्थित करेगा। ऐसा नोटिस आरोपों की प्रकृति और विशिष्टियां विनिर्दिष्ट करेगा और आरोपित व्यक्ति को उस दिन, समय और स्थान की सूचना देगा, जब कार्यकारिणी समिति मामले को निपटाने का आशय रखती हो तथा उसे आरोपों का लिखत में, उत्तर देने एवं उस दिन उक्त समिति के समक्ष हाज़िर होने हेतु बुलाएगा । रजिस्ट्रार शिकायतकर्ता (परिवादी) को भी जांच के दिन, समय और स्थान की सूचना, रजिट्रीकृत डाक द्वारा देगा और उसे आरोपित व्यक्ति के विरूद्ध शिकायत (परिवाद) के समर्थन में साक्ष्य सहित कार्यकारिणी समिति के समक्ष प्रस्तुत होने का निदेश देगा ।

(5) रजिस्ट्रार, आरोपित व्यक्ति को, ऐसे फेरफार सहित जैसी परिस्थितियां अपेक्षा करती हों, नोटिस भेजेगा । इसे जांच की तारीख से तीन सप्ताह पूर्व भेजा जाएगा और इसके साथ जांच संचालित करने के लिए प्रक्रिया को विनियमित करने हेतु अधिनियम की धारा 41 और नियमों की एक प्रति संलग्न की जाएगी ।

(6) रजिस्ट्रार, आरोपित व्यक्ति या उसके विधि व्यवसायी द्वारा लिखित प्रार्थना पर शिकायत (परिवाद) और शिकायत (परिवाद) के समर्थन में परिषद् को शिकायतकर्ता (परिवादी) द्वारा दिए गए साक्ष्य की प्रति का प्रदाय करेगा ।

(7) रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता (परिवादी) या उसके विधि व्यवसायी द्वारा लिखित प्रार्थना पर, आरोपित व्यक्ति द्वारा परिषद् को दिए गए उत्तर और उत्तर के समर्थन में साक्ष्य की प्रति का प्रदाय करेगा ।

(8) अध्यक्ष, आरोपित व्यक्ति द्वारा दिए गए किसी उत्तर अग्रेषित साक्ष्य या कथन या किए गए आवेदन नोटिस जारी करने की तारीख और आरोप की सुनवाई हेतु नियत तारीख के मध्य, ऐसी रीति में जैसी वह उचित समझे निपटाएगा ।

(9) रजिस्ट्रार, समस्त तात्विक दस्तावेजों की प्रतियां, जिसको सुनवाई से पूर्व साक्ष्य के रूप में कार्यकारिणी समिति के समक्ष पेश किया जाना है; अध्यक्ष को भेजेगा ।

(10) कार्यकारिणी समिति द्वारा मामले की सुनवाई में शिकायतकर्ता (परिवादी) के साथ–साथ आरोपित व्यक्ति का विधि व्यवसायी द्वारा प्रतिनिधित्व किया जा सकेगा या सहायता की जा सकेगी।

(11) जहां शिकायतकर्ता (परिवादी) व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से हाजिर होता हो, वहां प्रक्रिया का क्रम निम्नलिखित होगा :—

(i) रजिस्ट्रार, आरोपित व्यक्ति को सम्बोधित जांच का नोटिस कार्यकारिणी समिति को पढ़कर सुनाएगा ।

(ii) तत्पश्चात् शिकायतकर्ता (परिवादी) को अपने मामलों का स्वयं या अपने विधि व्यवसायी के माध्यम से कथन करने हेतु और उसके समर्थन में सबूत पेश करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा ।

(iii) तत्पश्चात् आरोपित व्यक्ति को फिर अपने मामले का स्वयं या अपने विधि व्यवसायी के माध्यम से कथन करने और उसके समर्थन में साक्ष्य पेश करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। वह, कार्यकारिणी समिति को अपनी स्थिति, या तो पहले या अपने साक्ष्य की समाप्ति पर केवल एक बार, स्पष्ट कर सकेगा ।

(iv) आरोपित व्यक्ति के स्पष्टीकरण की समाप्ति पर, यदि आरोपित व्यक्ति ने साक्ष्य पेश किया हो तो कार्यकारिणी समिति, साधारणतया, मामले पर उत्तर में परिवादी को सुनेगी परन्तु विशेष मामले में जहां कार्यकारिणी समिति ऐसे अतिरिक्त साक्ष्य प्राप्त करना समुचित समझती है, के सिवाए कोई अतिरिक्त साक्ष्य नही सुनेगी । कार्यकारी समिति की विशेष इजाजत के सिवाए उत्तर में शिकायतकर्ता (परिवादी) की सुनवाई नहीं की जाएगी ।

(v) जहां कार्यकारिणी समिति के समक्ष किसी पक्ष द्वारा साक्षी पेश किया गया हो, वहां उसकी परीक्षा ऐसा साक्षी पेश करने वाले पक्ष द्वारा पहले की जाएगी और तत्पश्चात् विरोधी पक्षकार द्वारा उसकी प्रति–परीक्षा की जाएगी, तथा फिर उक्त साक्षी को पेश करने वाले पक्षकार द्वारा उसकी पुनः परीक्षा की जाएगी । जहां साक्षी उपस्थित न हो, वहां कार्यकारिणी समिति किसी कथन को साक्ष्य में स्वीकार करने से इन्कार कर सकेगी या प्रति–परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने से इन्कार कर सकेगी ।

(vi) कार्यकारिणी समिति का सभापति (चेयरमैन) और सभापति (चेयरमैन) के माध्यम से सदस्य किसी भी साक्षी से प्रश्न पूछ सकेंगे ।

(12) जहां कोई शिकायतकर्ता (परिवादी) हाज़िर नहीं होता हो, वहां प्रक्रिया का क्रम निम्नलिखित होगा :—

(i) रजिस्ट्रार, आरोपित व्यक्ति को सम्बोधित जांच का नोटिस कार्यकारिणी समिति को पढ़कर सुनाएगा और मामले के तथ्यों का कथन करेगा तथा कार्यकारिणी समिति के समक्ष इसके समर्थन में साक्ष्य पेश करेगा ।

(ii) तत्पश्चात् आरोपित व्यक्ति को अपने मामले का स्वयं या अपने विधि व्यवसायी के माध्यम से कथन करने और उसके समर्थन में सबूत प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा । वह कार्यकारिणी समिति को अपनी स्थिति या तो पहले या अपने सबूतों की समाप्ति पर, केवल एक बार स्पष्ट करेगा ।

(13) (1) मामले की समाप्ति पर कार्यकारिणी समिति, निजी रूप में, उस पर विचार–विमर्श करेगी, और विचार–विमर्श के निष्कर्ष पर अध्यक्ष, इस प्रश्न पर, कि क्या आरोपित व्यक्ति अधिनियम की धारा 41 के अधीन किसी कार्य का दोषी है, कार्यकारिणी समिति के मत की अपेक्षा करेगा ।

(2) यदि कार्यकारिणी समिति बैठक में बहुमत द्वारा, आरोपित व्यक्ति को धारा 41 के अधीन किसी कार्य का दोषी पाती है तो सभापति (चेयरमैन) परिषद् द्वारा पुष्टि के अध्यधीन, रजिस्ट्रार को उसका नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों या दन्त यांत्रिकों के रजिस्टर से हटाने के लिए निर्दिष्ट करेगा । आदेश ऐसी पुष्टि की तारीख से तीन मास के अवसान तक प्रभावी नहीं होगा ।

(14) रजिस्ट्रार, ऐसे दन्त चिकित्सक, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी या दन्त यांत्रिक को उसके अंतिम ज्ञात पते पर तत्काल नोटिस भेजेगा, जिसका नाम, पूर्ववर्ती नियमों के उपबन्धों के अनुसार रजिस्टर से हटाया गया

है । रजिस्ट्रार, किसी ऐसे हटाए जाने की सूचना तत्काल उस / उन निकाय / निकायों को भी भेजेगा, जहां से ऐसे दन्त चिकित्सक, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी या दन्त यांत्रिक ने अपनी अर्हता(एं) प्राप्त की हों ।

अध्याय–10

अपीलें

16. (1) अधिनियम की धारा 41 के अधीन किए गए आदेश द्वारा व्यथित, ऐसे आदेश के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर, सचिव (स्वास्थ्य), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2 को अपील दाखिल कर सकेगा ।

(2) ऐसी अपील पर सरकार का आदेश अन्तिम होगा ।

अध्याय–11

रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र

17. दन्त चिकित्सकों, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों और दन्त यांत्रिकों को परिषद् की मुहर लगा रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र क्रमशः प्ररूप 6, 7 और 8 में जारी किया जाएगा ।

अध्याय–13

सम्पत्ति का प्रबंधन

18. (1) परिषद् की सम्पत्ति को हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् के नाम अधीन धारित किया जाएगा ।

(2) दन्त चिकित्सा परिषद् का रजिस्ट्रार, परिषद् की सम्पत्ति का भारसाधक होगा और इसके प्रबंधन, इसे उचित अभिरक्षा में रखने, अच्छी दक्ष दशा में रखने तथा इसे क्षय से संरक्षित रखने के लिए उत्तरदायी होगा ।

(3) रजिस्ट्रार स्टॉक रजिस्टर रखेगा जिसमें परिषद् की सम्पत्ति की समस्त वस्तुएं उनकी लागत और क्रय की तारीख दर्शाते हुए दर्ज की जाएंगी ।

(4) सम्पत्ति को किसी हानि या नुकसान की रजिस्ट्रार द्वारा तत्काल अध्यक्ष को रिपोर्ट की जाएगी, जिसे कार्यकारिणी समिति की सहमति से, दुर्घटना या आग से नष्ट वस्तुओं की लागत को अपलिखित करने हेतु सशक्त किया जाएगा ।

(5) एक साधारण रोकड़ बही रखी जाएगी जिसमें रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर के अधीन, परिषद् की प्राप्ति और व्यय से सम्बन्धित समस्त संव्यवहार दर्ज किए जाएंगे तथा अतिशेष प्रत्येक मास के अन्त में दर्शाया जाएगा ।

(6) रजिस्ट्रार, परिषद् की ओर से प्राप्त राशि के लिए क्रम संख्याकित उचित मुद्रित रसीदें जारी करेगा ।

(7) रजिस्ट्रार उस धन के लिए, जो उसके हाथों से दिया जाता है, उत्तरदायी होगा और यह सुनिश्चित करेगा कि प्राप्त धन यदि उस दिन जब इसे प्राप्त किया गया है बैंक बंद हो तो उससे अगले दिन अनुसूचित राष्ट्रीय बैंक में जमा कर दिया गया है ।

(8) अध्यक्ष को, परिषद् द्वारा मन्जूर बजट व्यवस्था के भीतर, परिषद् की ओर से सदस्यों के यात्रा भत्ता बिल पारित करने और दावों की राशि परिषद् के सदस्यों को संदत्त करने तथा आकस्मिक व्यय पर व्यय उपगत करने के लिए परिषद् की ओर से प्राधिकृत किया जाएगा।

(9) धन, रजिस्ट्रार और अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षरों के अधीन, लेखे से आहृत किया जाएगा ।

(10) परिषद्, रजिस्ट्रार के कार्यालय की बाबत आकस्मिक व्ययों के लिए अग्रदाय धन की राशि नियत करेगी जिसके लिए रजिस्ट्रार द्वारा एक आकस्मिक व्यय रजिस्टर रखा जाएगा। रजिस्ट्रार द्वारा, अध्यक्ष या परिषद् के पूर्व अनुमोदन के बिना जैसा कार्यकारिणी समिति द्वारा विनिश्चत किया जाए, कोई असाधारण व्यय उपगत नहीं किया जाएगा ।

(11) परिषद् के लेखों की लेखा–परीक्षा (संपरीक्षा), परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा द्वारा या परिषद् द्वारा यथा अनुमोदित सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी अभिकरण द्वारा की जाएगी।

अध्याय–14

प्रकीर्ण

19. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र का अभ्यर्पण करने में असफलता.—यदि कोई व्यक्ति, जिसका नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों, दन्त यांत्रिकों के रजिस्टर से हटाया गया है, बिना पर्याप्त कारण के, यथास्थिति, अपना रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र या नवीकरण का प्रमाण–पत्र तत्काल अभ्यर्पित करने में असफल रहता है, तो वह जुर्माने से जो 1000/– रुपए तक का हो सकेगा दण्डनीय होगा और दो मास से अधिक जारी रहने वाले अपराध की दशा में अतिरिक्त जुर्माने से जो तत्पश्चात प्रतिदिन 100/– रुपए तक का हो सकेगा दण्डनीय होगा ।

20. लेखे और लेखा परीक्षा (संपरीक्षा).—(1) रजिस्ट्रार, अध्यक्ष के माध्यम से सरकार को, 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए चार्टर्ड एकाउंटैंट द्वारा प्रमाणित तुलन–पत्र की प्रति अन्ततः 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करेगा ।

(2) परिषद् लेखे, महालेखाकार, हिमाचल प्रदेश या उसके द्वारा इस निमित नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा वार्षिक लेखा परीक्षा (संपरीक्षा) के अध्यधीन होंगे ।

(3) रजिस्ट्रार, अध्यक्ष के माध्यम से सरकार को लेखा–परीक्षा (संपरीक्षा) रिपोर्ट भेजेगा और परिषद् के लेखों की प्रमाणित प्रति भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद् को भेजेगा ।

परिशिष्ट प्ररूप 1
दन्त–चिकित्सकों का रजिस्टर (नियम 3 देखें)

क्रम संख्या	पूरा नाम	पिता का नाम	जन्म की तारीख	राष्ट्रीयता	आवासीय पता	प्रथम प्रवेश की तारीख	रजिस्ट्रीकरण हेतु अर्हता	डिग्री प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय का नाम और उसकी तारीख	वृतिक पता	नियोजन या प्राइवेट प्रेक्टिस की हैसियत	नवीकरण या प्रत्यावर्तन की तारीख	धारा 41 या धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन हटाए जाने की तारीख
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

परिशिष्ट प्ररूप–2
दन्त–स्वास्थ्य विज्ञानियों और दन्त यांत्रिकों का रजिस्टर
[नियम 5 (1) देखें]

क्रम संख्या	पूरा नाम	पिता का नाम	जन्म की तारीख	राष्ट्रीयता	आवासीय पता	प्रथम प्रवेश की तारीख	रजिस्ट्रीकरण हेतु अर्हता	डिग्री प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय का नाम और उसकी तारीख	वृतिक पता	नियोजन हैसियत	या	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

प्ररूप–3

रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन [नियम 8 (1) देखें]

सेवा में

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्,
शिमला ।

महोदय,

मैं———————, दन्त चिकित्सक / दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी / दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकरण करने हेतु निवेदन करता हूं और इसके साथ रजिस्ट्रीकरण हेतु मुझे हकदार बनाने वाली उपाधि प्रमाण–पत्र मूल रूप में, अग्रेषित करता हूं । कृपया वापस किए जाएं जब अपेक्षित न हों ।

निम्नलिखित दस्तावेजों / अपेक्षाओं की अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न हैं:—

1. अनुप्रमाणित फोटो (पासपोर्ट आकार)। 4 प्रतियां
2. दसवीं का प्रमाण–पत्र (आयु प्रमाण हेतु) ।
3. बी.डी.एस. की अन्तिम अंक सूची ।
4. प्रशिक्षणाधीन चिकित्सा (इन्टर्नशिप) प्रमाण–पत्र ।
5. दन्त चिकित्सक / दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी / दन्त यांत्रिक की बी.डी.एस. डिग्री / प्रमाण–पत्र ।
6. अधिवास प्रमाण–पत्र ।
7. निवास स्थान का प्रमाण–पत्र ।

संलग्नक: उपरोक्त ।

भवदीय,

हस्ताक्षर
नाम ———————
पता ———————

प्ररूप 4

हिमाचल प्रदेश राज्य दन्त चिकित्सा परिषद् के सदस्यों की विशिष्टियां दर्शित करने वाला रजिस्टर

[नियम 9 (1) देखें]

क्रम संख्या	नाम	पत्राचार / वृत्तिक पता	आवास / कार्यालय दूरभाष संख्या / मोबाईल संख्या	क्या नाम निर्दिष्ट या निर्वाचित है	कार्यकाल के प्रारम्भ की तारीख	साधारण अनुक्रम में कार्यकाल के अवसान की तारीख	यदि नियुक्ति निगत तारीख से पूर्व समाप्त होती हो तो ऐसी तारीख तथा पूर्वतम समाप्ति के कारण (धारा-27)
1	2	3	4	5	6	7	8

प्ररूप–5

अधिनियम की धारा 41 के अधीन जांच के सम्बन्ध में कार्यवाही में हाज़िर होने के लिए दन्त चिकित्सा व्यवसायी को नोटिस

[नियम 15 (4) देखें]

महोदय,

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् की समिति की ओर से, मैं आपको नोटिस देता हूं कि परिवाद (शिकायत) और साक्ष्य कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखे गए हैं, जिसके द्वारा परिवादी (शिकायतकर्ता) आपके विरूद्ध निम्नलिखित आरोप लगाते हैं, अर्थात:—

1.
2.
3.
4.
5.

यह सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 41 के अधीन आपकी परीक्षा की जानी अपेक्षित है और मुझे आपको नोटिस देने का निदेश दिया गया है कि आपके विरूद्ध ऊपर वर्णित आरोपों पर विचार करने और यह विनिश्चित करने के लिए, कि क्या उन्हें ऐसा निदेश करना चाहिए या नहीं कि दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 41 के अनुसरण में आपका नाम दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर से हटाया जाए, कार्यकारिणी समिति की बैठक तारीख ————————को ————————बजे————————के कार्यालय में आयोजित की जाएगी । आपसे उपरोक्त आरोपों का उत्तर लिखत में देने और ऊपर वर्णित आरोपों पर कोई प्रत्याख्यान या प्रतिरक्षा सिद्ध करने के लिए, उपरोक्त नामित स्थान एवं समय पर कार्यकारिणी समिति के समक्ष हाज़िर होने का अनुरोध किया जाता है तथा आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि यदि आप ऐसे अनुरोध पर हाज़िर नहीं होते हैं तो कार्यकारिणी समिति सुनवाई करने के लिए अग्रसर हो सकेगी और उक्त आरोपों पर आपकी अनुपस्थिति में, विनिश्चय कर सकेगी ।

उक्त आरोपों के बारे में कोई उत्तर या संसूचना या आवेदन जिसे आप करना चाहें या उस पर आपकी प्रतिरक्षा अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित की जाएगी और इस प्रकार पारेषित की जाएगी ताकि उसके पास उक्त मामले के लिए नियत दिन से ————————दिन अन्यून पूर्व पहुंच जाएं ।

धारा 41 में निर्दिष्ट किसी जांच को संचालित करने हेतु प्रक्रिया को विनियमित करने के लिए दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 41 और नियमों की एक–एक प्रति आपकी जानकारी के लिए इसके साथ संलग्न है ।

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् ।

प्ररूप–6

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्

दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अधीन दन्त चिकित्सकों के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र

(नियम 17 देखें)

फोटो

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति को दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के उपबन्ध के अधीन दन्त चिकित्सक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है :—

नाम:

पता:

अर्हता: (क)————(ख)————(ग)————

रजिस्ट्रीकरण संख्या : ————————————

रजिस्ट्रीकरण की तारीख : ————————————

भाग, जिसमें रजिस्ट्रीकृत है : ————————————

मुद्रा : ————————————

हस्ताक्षर ————————————

रजिस्ट्रार,

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्।

उसके रजिस्ट्रीकरण को अन्तिम बार को नवीकृत किया गया
यह प्रमाण पत्र ————————तक प्रवृत्त रहेगा ।

महत्वपूर्ण सूचना

प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सक को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से पूर्व नवीकृत करने हेतु सतर्क रहना चाहिए और अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना तुरंत रजिस्ट्रार को भेजनी चाहिए तथा उन समस्त प्रश्न चिन्हों का उत्तर भी देना चाहिए जो उसे, उस सम्बन्ध में, रजिरट्रार द्वारा भेजे जाएं ताकि उसका सही पता रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर में सम्यक रूप से अन्तःस्थापित किया जा सके अन्यथा दन्त चिकित्सक अधिनियम 1948 की धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन ऐसा दन्त चिकित्सक अपना नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर से हटाए जाने के लिए दायी होगा।

प्ररूप–7

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्

दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अधीन दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र

(नियम 17 देखें)

फोटो

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति को दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी चिकित्सक अधिनियम, 1948 के उपबन्धों के अधीन दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है :—

नाम:

पता:

अर्हता: (क)————(ख)————(ग)————

रजिस्ट्रीकरण संख्या : ————————

रजिस्ट्रीकरण की तारीख : ————————

भाग, जिसमें रजिस्ट्रीकृत है : ————————

मुद्रा : ————————

हस्ताक्षर ————

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्।

उसके रजिस्ट्रीकरण को अन्तिम बार को नवीकृत किया गया
यह प्रमाण पत्र ————तक प्रवृत्त रहेगा ।

महत्वपूर्ण सूचना

प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से पूर्व नवीकृत करने हेतु सतर्क रहना चाहिए और अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना तुरंत रजिस्ट्रार को भेजनी चाहिए तथा उन समस्त प्रश्न चिन्हों का उत्तर भी देना चाहिए जो उसे, उस सम्बन्ध में, रजिस्ट्रार द्वारा भेजे जाएं, ताकि उसका सही पता रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों के रजिस्टर में सम्यक रूप से अन्तःस्थापित किया जा सके अन्यथा दन्त चिकित्सक अधिनियम 1948 की धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन ऐसा दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी अपना नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों के रजिस्टर से हटाए जाने के लिए दायी होगा ।

प्ररूप–8

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्

दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अधीन दन्त यांत्रिक के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र

(नियम 17 देखें)

फोटो

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति को चिकित्सक अधिनियम, 1948 के उपबन्धों के अधीन दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है :–

नाम:

पता:

अर्हता: (क)————————(ख)————————(ग)————————

रजिस्ट्रीकरण संख्या : ————————————

रजिस्ट्रीकरण की तारीख ; ————————————

भाग, जिसमें रजिस्ट्रीकृत है : ————————————

मुद्रा ; ————————————

हस्ताक्षर ————————————

रजिस्ट्रार,

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्।

उसके रजिस्ट्रीकरण को अन्तिम बार को नवीकृत किया गया
यह प्रमाण पत्र ————————तक प्रवृत्त रहेगा ।

महत्वपूर्ण सूचना

प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत **दन्त यांत्रिक** को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से पूर्व नवीकृत करने हेतु सतर्क रहना चाहिए और अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना तुरंत रजिस्ट्रार को भेजनी चाहिए तथा उन समस्त प्रश्न चिन्हों का उत्तर भी देना चाहिए जो उसे, उस सम्बन्ध में, रजिस्ट्रार द्वारा भेजे जाएं ताकि उसका सही पता रजिस्ट्रीकृत **दन्त यांत्रिक** के रजिस्टर में सम्यक रूप से अन्तःस्थापित किया जा सके अन्यथा दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन ऐसा **दन्त यांत्रिक** अपना नाम रजिस्ट्रीकृत **दन्त यांत्रिकों** के रजिस्टर से हटाए जाने के लिए दायी होगा ।

प्ररूप–9

[नियम 7 का उप–नियम (5) देखें]

सेवा में

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्,
शिमला ।

तारीख शिमला–9,.....

महोदय,

दन्त चिकित्सक / दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी / दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत मैं———————, आपको एतद्द्वारा सूचित करता हूं कि रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र (नवीकरण का प्रमाण–पत्र) खो गया / नष्ट हो गया है। रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण–पत्र के नष्ट होने सम्बन्धी शपथ–पत्र संलग्न हैं ।

संदत्त की गई अपेक्षित फीस की रसीद भी संलग्न है ।

यह अनुरोध किया जाता है कि कृपया मुझे प्रमाण–पत्र की दूसरी प्रति शीघ्रतम जारी की जाए ।

संलग्नक: शपथ–पत्र और रसीद ।

भवदीय,

हस्ताक्षर

नाम ———————

वर्तमान पता ———————

वृतिक पता ———————

शपथ पत्र

(8/- रुपये का स्टाम्प पत्र)

मैं .... पुत्र श्री .... आयु .... वर्ष, निवासी ...., एतद्द्वारा, सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं दन्त चिकित्सक/दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी/दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत हूं ।

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् द्वारा जारी रजिस्ट्रीकरण संख्या .... वाला रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र खो गया/नष्ट हो गया है ।

उपरोक्त विवरणित तथ्य मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य हैं, और कोई परिणाम, यदि अन्यथा सिद्ध होते हैं तो मैं उसके लिए उत्तरदायी होऊंगा ।

स्थान——————

शिमला ....

अभिसाक्षी ।

दूसरी प्रति

प्ररूप 10

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्

दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अधीन दन्त चिकित्सकों के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र

[नियम 7 का उप नियम (5) देखें]

फोटो

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति को चिकित्सक अधिनियम, 1948 के उपबन्ध के अधीन दन्त चिकित्सक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है :-

नाम :

पता :

अर्हता: (क)—————— (ख)—————— (ग)——————

रजिस्ट्रीकरण संख्या : ——————————

रजिस्ट्रीकरण की तारीख : ——————————

भाग, जिसमें रजिस्ट्रीकृत है : ——————————

मुद्रा : ——————————

हस्ताक्षर

रजिस्ट्रार,

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्।

उसके रजिस्ट्रीकरण को अंतिम बार को नवीकृत किया गया

यह प्रमाण पत्र —————— तक प्रवृत्त रहेगा ।

महत्वपूर्ण सूचना

प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सक को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से पूर्व नवीकृत करने हेतु सतर्क रहना चाहिए और अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना तुरंत रजिस्ट्रार को भेजनी चाहिए तथा उन समस्त प्रश्न चिन्हों का उत्तर भी देना चाहिए जो उसे, उस सम्बन्ध में, रजिस्ट्रार द्वारा भेजे जाएं ताकि उसका सही पता रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर में सम्यक रूप से अन्तःस्थापित किया जा सके अन्यथा दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन ऐसा दन्त चिकित्सक अपना नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर से हटाए जाने के लिए दायी होगा ।

दूसरी प्रति

प्ररूप – 11

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्

दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अधीन दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र

[नियम 7 का उप–नियम (5) देखें]

फोटो

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के उपबन्ध के अधीन दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है ।

नाम :

पता:

अर्हता: (क)————————(ख)————————(ग)————————

रजिस्ट्रीकरण संख्या : ————————————

रजिस्ट्रीकरण की तारीख : ————————————

मुद्रा : ————————————

हस्ताक्षर ————————

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद।

उसके रजिस्ट्रीकरण को अन्तिम बार को नवीकृत किया गया
यह प्रमाण पत्र ————————तक प्रवृत रहेगा ।

महत्वपूर्ण सूचना

प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से पूर्व नवीकृत करने हेतु सतर्क रहना चाहिए और अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना तुरंत रजिस्ट्रार को भेजनी चाहिए तथा उन समस्त प्रश्न चिन्हों का उत्तर भी देना चाहिए जो उसे, उस सम्बन्ध में, रजिस्ट्रार द्वारा भेजे जाएं ताकि उसका सही पता रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी के रजिस्टर में सम्यक रूप से अन्तःस्थापित किया जा सके अन्यथा दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन ऐसा दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी को अपना नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त स्वास्थ्य विज्ञानियों के रजिस्टर से हटाए जाने के लिए दायी होगा ।

दूसरी प्रति

प्ररूप 12

हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्

दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अधीन दन्त यांत्रिकों के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र

[नियम 7 का उप-नियम (5) देखें]

फोटो

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के उपबन्ध के अधीन दन्त यांत्रिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया है ।

नाम:

पता:

अर्हता: (क)————(ख)————(ग)————

रजिस्ट्रीकरण संख्या : ————

रजिस्ट्रीकरण की तारीख : ————

मुद्रा : ————

हस्ताक्षर ————

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद् ।

उसके रजिस्ट्रीकरण को अन्तिम बार को नवीकृत किया गया

यह प्रमाण पत्र ————तक प्रवृत रहेगा ।

महत्वपूर्ण सूचना

प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत **दन्त यांत्रिक** को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम दिन से पूर्व नवीकृत करने हेतु सतर्क रहना चाहिए और अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना तुरंत रजिस्ट्रार को भेजनी चाहिए तथा उन समस्त प्रश्न चिन्हों का उत्तर भी देना चाहिए जो उसे, उस सम्बन्ध में, रजिस्ट्रार द्वारा भेजे जाएं ताकि उसका सही पता रजिस्ट्रीकृत **दन्त यांत्रिक** के रजिस्टर में सम्यक रूप से अन्तःस्थापित किया जा सके अन्यथा दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 39 की उप–धारा (2) के अधीन ऐसा दन्त यांत्रिक को अपना नाम रजिस्ट्रीकृत **दन्त यांत्रिकों** के रजिस्टर से हटाए जाने के लिए दायी होगा ।

प्ररूप–13

[नियम 7 का उप–नियम (7) देखें]

सेवा में

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्,
शिमला।

तारीख : शिमला–9, ...

विषय :– "अनापत्ति प्रमाण–पत्र" जारी करना ।

महोदय,

मैं,————————————,एतद्द्वारा, हिमचल प्रदेश राज्य से, दन्त चितिक्सकों के रजिस्टर से अपना नाम अंतरित करने हेतु आवेदन करता हूं । मेरी रजिस्ट्रीकरकण संख्या————————है । मैंने अपनी————————तक की नवीकरण फीस चुका दी है और मेरे विरूद्ध कोई देय लम्बित नहीं है । मैं अब————————————में दन्त चिकित्सा का व्यवसाय कर रहा हूं। नए पते का प्रमाण (विद्युत बिल/टेलिफोन बिल/राशन कार्ड/फोटो पहचान–पत्र/पास पोर्ट की अनुप्रमाणित प्रति) संलग्न की जा रही है ।

यह भी कथन किया जाता है कि मेरे विरूद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित नहीं है । अपेक्षित फीस की 500/– रुपये की राशि रसीद संख्या ————————————द्वारा जमा कर दी गई है ।

अतः यह अनुरोध किया जाता है कि राज्य के रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर से मेरा नाम ————————————राज्य में दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर को अंतरण बारे "अनापत्ति प्रमाण–पत्र" मुझे जारी करने की कृपा करें ।

भवदीय,

हस्ताक्षर

नाम ————————————

वर्तमान पता ————————————

वृतिक पता ————————————

संलग्नकः उपरोक्त

प्ररूप–14

"अनापत्ति प्रमाण–पत्र"

[नियम 7 का उप–नियम (7) देखें]

डॉक्टर/श्री/सुश्री————————————, रजिस्ट्रीकरण संख्या————————————का नाम रजिस्ट्रीकृत दन्त चिकित्सकों के रजिस्टर से ————————————राज्य को अंतरित करने के लिए कोई अनापत्ति नहीं है ।

डॉक्टर/श्री/सुश्री————————————, के विरूद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित नहीं है ।

डॉक्टर/श्री/सुश्री————————————, ने अद्यतन नवीकरण फीस ससंदत्त कर दी है, और उसके विरूद्ध कुछ भी देय नहीं है ।

अधोहस्ताक्षरी अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत है ।

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद्।

मुद्रा

आदेश द्वारा
हस्ताक्षरित/–
प्रधान सचिव (स्वास्थ्य)।

HEALTH AND FAMILY WELFARE DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-171002, *the 27th June*, 2007

No. HFW-B (A) 2-18/2004.—In exercise of the powers conferred by section 55 of the Dentists Act, 1948 (16 of 1948), the Governor, Himachal Pradesh is pleased to make the following rules for carrying out the purposes of the said Act, namely:—

Chapter-I

PART–I—Preliminary

1. *Short title.*—These rules may be called the Himachal Pradesh Registration of dentists, dental hygienists and dental mechanics Rules, 2007.

2. *Definition.*—(1) In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context,—

(a) "Act" means the Dentists Act, 1948 (Central Act No. 16 of 1948);

(b) "Council" means the "Himachal Pradesh Dental Council" constituted under section 21; of the Act;

(c) "Director" means the Director, Dental Health Services, Himachal Pradesh;

(d) "Executive Committee" means the Executive Committee of the Himachal Pradesh Dental Council, constituted under section 29 of the Act;

(e) "Form" means a Form appended to these rules;

(f) "Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(g) "Member" means the member of the Council;

(h) "President" means the President of the Himachal Pradesh Dental Council, elected under section 25 of the Act;

(i) "Registrar" means the Registrar appointed under section 28 (a) of the Act;

(j) "Section" means the section of the Act; and

(k) "Vice President" means the Vice President of the Council, elected under section 25 of the Act.

(2) The words and expression used but not defined in these rules shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

Chapter-II

COMPILATION AND PUBLICATION OF THE HIMACHAL PRADESH DENTAL REGISTERS

3. *Preparation of dental Register.*—The Himachal Pradesh Dental Register shall be maintained in Form I.

4. *Register of dentists.*—(1) The Registrar shall maintain the register of dentists in two parts A and B under section 31. The persons possessing recognized dental qualification being registered in Part-A, and persons not possessing such qualifications being registered in Part-B, as the case may be, in alphabetical order and sufficient space shall be left for future additions and alterations.

(2) Each page of the register shall be verified by the Registrar by affixing his signatures.

5. *Registers of dental hygienists and dental mechanics.*—(1) The Registrar shall maintain the register of dental hygienists and dental mechanics in Form-II under section 36 of the Act. The names of persons entitled to be registered in the register of dental hygienists or dental mechanics respectively, under sections 37 and 38 shall be entered in alphabetical order and sufficient space shall be left for future additions and alterations.

(2) Each page of the register shall be verified by the Registrar by affixing his signatures.

